# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी माह नवम्बर-2024 को यातायात माह के रूप में मनाया जाना प्रस्तावित है। जिसके क्रम में आज दिनांक 05-11-2024 को धनुष चौराहा कर्वी से यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर यातायात माह नवम्बर-2024 का शुभारम्भ किया गया यातायात उपकरणों का अधिक से अधिक के प्रयोग किये जाने हेतु यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी,जे0एम0 पब्लिक इण्टर कालेज,सेठ मूलचन्द्र इण्टर कालेज एवं ज्ञान भारती इण्टर कालेज के बच्चो कों सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात का ब्रांड एम्बेस्डर बनाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

1. दो-पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना।
2. कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाना।
3. कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनना ।
4. वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नही करना तथा कोई SMS नही भेजना व देखना ।
5. हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों से पालन करने हेतु बताना ।
6. सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहना ।

इस रैली में यातायात पुलिस के साथ-साथ स्कूली बच्चें एवं एनसीसी के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह रैली धनुष चौराहा से प्रारम्भ होकर पटेल तिराहा,एलआईसी तिराहा,भगवानदीन चौराहा,घुस मैदान,पुरानी कोतवाली,कालीदेवी चौराहा,बस स्टैण्ड कर्वी होते हुए धनुष चौराहा पर जाकर समाप्त हुई। इस जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुये यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा श्री लवकुश चतुर्वेदी, कोआपरेटिव बैंक चित्रकूट बांदा अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष श्री नरेंद्र गुप्ता,क्षेत्राधिकारी कार्यालय/पुलिस लाइन श्री राजेश द्विवेदी,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह के साथ-साथ यातायात पुलिस एवं सम्भागीय परिवहन विभाग के अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनाँक 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**(5).** आज दिनांक 05.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया । बाद परेड महोदय द्वारा शास्त्रों को खोलवाया गया तथा पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा में वाहनों को देखा गया तथा पीआरवी वाहनों में रखे पुराने उपकरणों को बदलने हेतु बताया गया तत्पश्चात मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, आरओआईपी डायल 112, रेडियो कन्ट्रोल रूम,क्वार्टर गार्द,स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक सुधार हेतु को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तत्पश्चात महोदय द्वारा कर्मचारीगणों को अर्दली रुम किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** आज दिनाँक 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक एलआईयू श्री नागेन्द्र भूषण पाठक के मार्गदर्शन में एलआईयू उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी की उपस्थिति में एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत माननीय न्यायालय परिसर, लॉकअप और कोर्ट एवं कचहरी स्थानों पर सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान कोई आपत्तीजनक वस्तु प्रकाश में नहीं आया।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता व आरक्षी रविन्द्र कुमार व आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा अभियुक्त कैलाश निषाद पुत्र रज्जन निषाद निवासी चकमाली अमानपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 01 सफेद पिपिया में 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(8).** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन बचपन के क्रम में आज दिनाँक 05.11.2024 प्रभारी निरीक्षक थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग श्री शिवमूरत यादव के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री सदानन्द सिंह हमराही आरक्षी त्रिभुवन व आरक्षी सुशील कुमार द्वारा थाना भरतकूप एवं चौकी क्षेत्र शिवरामपुर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व विभिन्न स्थानों के आस-पास होटलों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान होटलों में हो रहे बालश्रम की चेकिंग की गयी तथा पम्पलेट्स वितरित कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076,साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930,वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान घुमंतू परिवार के लोगों को यह भी हिदायत दी कि बच्चों से बाल श्रम व भीख ना मंगवाए स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें

प्रेस नोटः-चित्रकूट पुलिस
यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह नवम्बर-2024 के शुभारम्भ पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी
अनियमित पाये गये 85 वाहनों का 2,43,000 रूपये का ई-चालान किया गया।

आज दिनांक 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजेश कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में प्रभारी यातायात श्री शैलेन्द्र सिंह एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह के तहत आम जन मानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ दो पहिया पर तीन सवारी,बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट नहीं लगाए जाने वाले वाहनों एवं अन्य नियमों के उल्लंघन करने पर एम0वी0 एक्ट की धाराओं कुल 85 वाहनों से 2,43,000/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे जनपद मे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।